# सिटी बसों के साथ सड़कों पर जल्द चलेंगे 500 ई-आटो

- लखनऊ, वाराणसी, आगरा, प्रयागराज, मथुरा-वृंदावन, गोरखपुर व अयोध्या में तैयारियां
- नगरीय परिवहन निदेशालय यात्रियों की सुविधा के लिए पीपीपी के तहत चलाएगा

जागरण संवाददाता • लखनऊ : प्रदेश के लखनऊ सहित सात शहरों में सिटी बसों के साथ 500 ई-आटो का संचालन होगा। यात्रियों को यह सुविधा देने के लिए ईटीओ मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड का चयन हो चुका है। इस कदम से आवागमन में आसानी होगी, प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत सारी तैयारियां जल्द पूरा करने का आदेश दिया गया है।

नगरीय परिवहन निदेशालय की पहल पर लखनऊ के अलावा वाराणसी, आगरा, प्रयागराज, मथुरा-वृंदावन, गोरखपुर व अयोध्या में ई-आटो का संचालन शुरू होना है। चयनित संस्था शुरुआत में 500 ई-आटो चलाएगी, इसके बाद यात्रियों की संख्या और मांग के अनुसार ई-आटो की संख्या में कमी या बढ़ोतरी की जाएगी। नगरीय परिवहन निदेशालय के संयुक्त निदेशक जगदीप वर्मा ने सभी शहरों में चल रही तैयारियां वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए परखी, उन्हें बताया गया कि अधिकांश जगहों पर भूमि का चयन अंतिम चरण में है। संबंधित जमीनों पर कई विभागों की दावेदारी है इसलिए आवंटन में देरी हो रही है। राजधानी में लुलु माल व सीतापुर रोड पर भूमि प्रस्तावित हुई है लेकिन, अभी तक अंतिम निर्णय नहीं हो सका है। लखनऊ में 100 ई-आटो विभिन्न मार्गों पर चलेंगे, सिटी ट्रांसपोर्ट आवागमन का मार्ग तय कर रहा है।

असल में, रात्रि में आटो खड़े कराने के लिए स्थल खोजा जा रहा है, जहां बिजली का कनेक्शन अनिवार्य रूप से होगा, ताकि आटो की चार्जिंग हो सके। वाराणसी के प्रबंधक संचालन एके सिंह को निर्देशित किया गया कि वे चयनित भूमि पर सिविल कार्य पूरा कराएं। लखनऊ के सिटी ट्रांसपोर्ट के प्रबंधक संचालन रत्नेश उपाध्याय को निर्देश दिया गया कि वे नगर निगम से समन्वय करके दो दिन में भूमि का हस्तांतरण पूरा कराएं। इसी तरह से अन्य शहरों में कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिये गये, अधिकांश शहरों में जमीन मिल चुकी है, बिजली व अन्य कार्य होने शेष हैं इसीलिए तैयारियों की समीक्षा करके तेजी लाने को कहा गया, ताकि इस माह के अंत

नगर की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें